RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 180 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

**'क्रिप्टोकरेंसी' में निवेश पर 16.48 लाख रुपये की धोखाधड़ी**



Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मीरा-भायंदर सीट से कौन होगा महायुति का उम्मीदवार

# बीजेपी और शिंदे शिवसेना में फंसा पेंच...

**मुंबई** : राज्य में विधानसभा चुनाव 2024 का शंखनाद हो चुका है। 22 अक्टूबर को चुनाव का नोटिफिकेशन, 29 अक्टूबर को नामांकन की आखिरी तिथि, 4 नवंबर को नामांकन वापस लेने की आखिरी तिथि तथा 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को वोटों की गिनती की घोषणा चुनाव आयोग ने कर दी है। लेकिन, बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट), राकांपा (अजीत पवार गुट) की महायुति और कांग्रेस, राकांपा (शरद गुट) तथा शिवसेना (उद्धव) की महागठबंधन ने अभी तक अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नहीं की है।

संभवतः कल शुक्रवार को बीजेपी अपने उम्मीदवारों की प्रथम सूची में 110 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर सकती है। आगामी दो -तीन दिनों में महागठबंधन के तरफ से भी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की जा सकती है। बात करें 145 मीरा-भायंदर विधानसभा सीट की तो मुंबई से सटे होने के कारण इस सीट का राजनीतिक महत्व बढ़ गया है।

**मीरा-भायंदर सीट पर फंस सकता है पेंच**

राजनीतिक जानकारों के अनुसार बीजेपी यह सीट किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ना चाहेगी तो वहीं शिंदे शिवसेना भी इस सीट पर अपनी नजरें गड़ाए हुए है। जिससे टिकट बंटवारे को लेकर महायुति में इस सीट का पेंच अभी भी फंसा हुआ नजर आ रहा है। वहीं, महागठबंधन से कांग्रेस के हिस्से में यह सीट जाना तय है। हालांकि, संभावित उम्मीदवार के रूप में मुजफ्फर हुसैन के नाम की अधिकृत घोषणा होना ही शेष है, लेकिन महायुति से इस सीट के लिए गीता भरत जैन, नरेंद्र मेहता, एड.रवि व्यास और विक्रम प्रताप सिंह इच्छुक उम्मीदवार हैं। इन सभी उम्मीदवारों को टिकट मिलने की आस है और सभी खुद को प्रबल दावेदार साबित करने में जुटे हुए हैं।




**अब तक किसी उम्मीदवार ने जीत नहीं दोहराई**

मीरा-भायंदर विधानसभा क्षेत्र वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया। 2009 में पहली बार इस सीट पर स्वतंत्र चुनाव हुआ, जिसमें राकांपा से गिल्बर्ट जॉन मेंडोंका विजयी हुए थे। इसके बाद 2014 के चुनाव में नरेंद्र मेहता और 2019 के चुनाव में गीता भरत जैन इस विधानसभा सीट से विजयी हुई। इस तरह से देखा जाए तो अब तक के इतिहास में किसी भी विधायक ने अपनी जीत नहीं दोहराई है।

मीरा-भायंदर विधानसभा क्षेत्र हिंदू बहुल क्षेत्र है। 2011 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल जनसंख्या 8,09,378 है, जबकि वर्तमान में यहां की अनुमानित जनसंख्या 13 लाख के करीब है। इस क्षेत्र में कुल मतदाता 5 लाख से अधिका है जिसमें धर्म के अनुसार हिंदू 70%, मुस्लिम 17%, ईसाई 5 %, जैन 8%, बौद्ध 1.86%, सिख 0.53% और अन्य 0.14% हैं।

**2024 विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या**

कुल मतदाता - 5,07,452
पुरुष मतदाता - 2,66,235
महिला मतदाता - 2,41,213
18 से 19 वर्ष के मतदाता - 11,328
दिव्यांग मतदाता - 2,210
85 से अधिक उम्र के मतदाता 5,061
कुल मतदान केंद्र - 489
वीवी पैट मशीन - 636

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में राजकीय रेलवे पुलिस ने एक व्यक्ति और अज्ञात अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पालघर जिले के रोशन पटेल नामक व्यक्ति की 24 सितंबर को ठाणे जिले में जेएनपीटी की ओर जा रही एक मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। डोंबिवली रेलवे पुलिस स्टेशन के जीआरपी के वरिष्ठ निरीक्षक किरण उंद्रे ने बताया कि पटेल की मौत से कुछ दिन पहले उसके इलाके में कुछ लोगों ने उसकी पिटाई की थी। आरोप था कि वह एक लड़की का पीछा कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि तब से वह अवसाद में था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पालघर जिले के चिंचोटी निवासी शिवा और कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ पटेल को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है।

# चर्चित IRS अधिकारी समीर वानखेड़े की पॉलिटिक्स में एंट्री

## इस पार्टी से लड़ेंगे चुनाव

**मुंबई** : महाराष्ट्र के चर्चित कम्र अधिकारी समीर वानखेड़े की पॉलिटिक्स में एंट्री करने जा रहे हैं. सूत्रों के मुताबिक समीर शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होंगे. समीर वानखेड़े मुंबई की धारावी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. दरअसल, राजनीति में प्रवेश करने से पहले समीर वानखेड़े को आईआरएस पद से इस्तीफा देना होगा और केंद्र सरकार गृह विभाग द्वारा इस्तीफा स्वीकार करना होगा. उसके बाद राजनीति में एंट्री का रास्ता साफ होगा.

44 साल के समीर वानखेड़े 2008 बैच के कम्र भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी हैं. 2021 तक उन्होंने मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल डायरेक्टर के रूप में काम किया. एनसीबी में शामिल होने



से पहले, वानखेड़े ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी और एयर इंटेलिजेंस यूनिट के साथ काम किया. अपने पूरे करियर के दौरान, वानखेड़े ने ड्रग एन्फॉर्समेंट से जुड़ी कानून प्रवर्तन एजेंसियों में विभिन्न पदों पर काम किया है. समीर वानखेड़े ड्रग तस्करों और उनके नेटवर्क को निशाना बनाकर छापे मारने, खुफिया ऑपरेशन करने और अंडरकवर जांच करने में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं. अपने 15 साल के करियर के दौरान उन्हें 17,000 किलोग्राम नशीले ड्रग्स पदार्थ और 165 किलोग्राम सोना जब्त करने का श्रेय दिया जाता है.

**इन मामलों से बटोरीं सुर्खियां**

अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद गिरोह के ड्रग्स नेक्सस को तोड़ना, इस्लामिक प्रचारक जाकिर नाइक के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामला, सिंगर मिका सिंह को कस्टम चोरी मामला, शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की कोर्डेलिया क्रूज ड्रग्स मामले में जेल डालने जैसे केस हैंडल करने वाले समीर वानखेड़े को जांबाज अधिकारियों में गिना जाता है. बता दें कि धारावी विधानसभा सीट से मौजूदा कांग्रेस सांसद और मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ विधायक हैं. इस सीट पर वर्षा गायकवाड़ अपनी बहन को कांग्रेस उम्मीदवार बनाना चाहती हैं.

## एमबीएमसी के 22 कर्मचारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों एसीबी ने पकड़ा

**मीरा भयंदर:** मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) में विभिन्न विभागों से जुड़े दस अधिकारियों सहित कुल 22 कर्मचारी पिछले उन्नीस वर्षों में रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा बिछाए गए जाल में फंस गए हैं। इसके अलावा एमबीएमसी में कुछ निर्वाचित प्रतिनिधि भी हैं जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। हाल ही में एक अधिकारी को 14 साल पुराने रिश्वत मामले में बरी कर दिया गया है, जबकि शेष मामलों की जांच अभी भी चल रही है, जबकि दोषसिद्धि की संख्या शून्य है। यह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण गुप्ता द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत प्राप्त की गई।

विशेष रूप से, जांच के घेरे में आए अधिकांश दागी कर्मचारी न केवल संक्षिप्त निलंबन के बाद नियमित सेवाओं में वापस आ गए हैं, बल्कि उन्हें अच्छी पोस्टिंग भी मिल



गई है। विडंबना यह है कि आरटीआई के जवाब में एक सहायक आयुक्त ने जवाब दिया है, जो खुद 2013 में एक होटल व्यवसायी से 1.75 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एसीबी की हिरासत में आ चुका है। ''22 मामलों के अलावा, जिसमें कर्मियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है, एसीबी ने पिछले पांच वर्षों में एम्बुलेंस घोटाले सहित भ्रष्टाचार और धन के दुरुपयोग से संबंधित लगभग 27 शिकायतों की जांच करने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, सभी मामलों में अनुमति देने से इनकार कर दिया गया, जिससे एमबीएमसी द्वारा अपनाए गए तथाकथित भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा हो गया है,''

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### भेदभाव से ग्रस्त महिला

हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने मनीषा रविंद्र पानपाटिल बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र के जलगांव जिले के विचारखंड़ा पंचायत की महिला सरपंच को तकनीकी आधार पर अयोग्य ठहराए जाने पर महिला प्रतिनिधियों के प्रति प्रशासन के सभी स्तरों पर व्याप्त भेदभावपूर्ण रवैये पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट ने महिला सरपंच को राहत देते हुए टिप्पणी की कि 'यह प्रकरण तब और भी गंभीर हो जाता है, जब हम एक देश के रूप में सार्वजनिक कार्यालयों और निर्वाचित निकायों में पर्याप्त महिला प्रतिनिधित्व सहित सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण के प्रगतिशील लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर इस तरह के उदाहरण हमारे द्वारा हासिल की गई किसी भी प्रगति पर गहरा आघात करते हैं।' शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी संपूर्ण सामाजिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। राजनीति का क्षेत्र पुरुषों का गढ़ माना जाता रहा है।

इसलिए जब 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत स्थानीय सरकारों यानी गांव से लेकर जिला स्तर तक की संस्थाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया तो संभावना जताई गई कि यह राजनीति में पुरुषों के एकाधिकार की समाप्ति का नवीन अध्याय लिखेगा। इसके बाद ग्रामीण अंचलों में महिलाएं नेतृत्व करते दिखाई देने लगीं, परंतु यह एक छद्म तस्वीर थी, क्योंकि वास्तविक सत्ता पुरुष सदस्यों के हाथ में बनी रही और आज भी कई जगह यह परंपरा यथावत कायम है। 'सरपंच पति' स्थानीय राजनीति से जुड़ी वह सच्चाई है, जो राजनीतिक क्षेत्र में लैंगिक समानता के प्रयासों को ठेंगा दिखाती है। अमूमन सभी के मन में यह प्रश्न कौंधता है कि क्यों महिला सरपंच स्वयं इसका विरोध नहीं करतीं? प्रशासन की नाक के नीचे सरपंच पतियों का अस्तित्व कई प्रश्न खड़े करता है। प्रशासन की अवहेलना से कहीं अधिक यह मुद्दा सामाजिक स्तर पर सुषुप्त चेतना का है। सरपंच पति सर्वस्वीकार्य व्यवस्था का वह स्वरूप है, जो किसी को भी विचलित नहीं करता।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# 2.3 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप.... वकील की जमानत याचिका खारिज

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक वकील की गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिस पर कथित तौर पर हाई कोर्ट के आदेशों में जालसाजी करने और दिल्ली के एक मुवक्किल से 2.3 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है।कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में, धोखाधड़ी की सीमा, जिसमें पैसे का लेन-देन और इसमें शामिल लोग शामिल हैं, को पूरी तरह से उजागर करने के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी है। साथ ही, ऐसी संभावना भी है कि पीड़ित भी ऐसी ही परिस्थितियों में हों, ळउ ने कहा।

ळउ ने 42 वर्षीय विनयकुमार खाटू की गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका खारिज कर दी। सत्र न्यायालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उन्होंने ळउ का दरवाजा खटखटाया थाहाई कोर्ट के आदेश में जालसाजी करने और उर्मिला तलयारखान को धोखा देने के आरोप में वकील के खिलाफ आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था, जिन्होंने 2014 से कई कानूनी कार्यवाही में उन्हें काम पर रखा था। तलयारखान ने दावा किया कि उन्होंने अलीबाग में एक संपत्ति से संबंधित हाई कोर्ट के मामले सहित कई कानूनी कार्यवाही में खाटू को काम पर रखा था। उसने कहा कि खाटू ने उसे बताया था कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने 17 अक्टूबर 2022 और 12 दिसंबर 2022 को अनुकूल आदेश दिए थे। हालांकि, जब आदेशों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो उसने अपना वकील बदलने का फैसला किया। नए वकील ने उसे बताया कि ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया गया था, और खाटू ने जो दिखाया था वह कथित रूप से मनगढ़ंत था। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। खाटू की वकील पुष्पा गनेडीवाला ने कहा कि उन्होंने कभी भी अनुकूल आदेशों के बारे में बात नहीं की। उन्होंने तर्क दिया कि खाटू को अपने खाते में केवल 65 लाख रुपये मिले। उन्होंने एक व्हाट्सएप चैट प्रस्तुत की, जिसमें पता चला कि 30 लाख रुपये बिक्री कर के लिए और 60 लाख रुपये सीमा शुल्क के लिए भुगतान किए गए थे। इसके अलावा, खाटू ने मुखबिर के लिए 29 अन्य कानूनी मामलों को भी संभाला, जिसमें सिविल, आपराधिक, राजस्व, बिक्री कर और संपत्ति से संबंधित मामले शामिल थे।

हालांकि, तलयारखान के वकील रिजवान मर्चेंट ने तर्क दिया कि खाटू के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं, जो उस पर पृष्ठभूमि की जांच के दौरान सामने आए। मर्चेंट ने अदालत को यह भी बताया कि खाटू पर पहले भी दिल्ली और केरल के कोट्टायम में पुलिस ने आईएएस अधिकारी के रूप में पेश होने का मामला दर्ज किया था। राज्य के वकील योगेश दाबके ने दलील दी कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करना जरूरी है।

## अंबरनाथ में पत्नी की बेरहमी से हत्या के मामले में फरार आरोपी विक्की लोंढे वाराणसी से गिरफ्तार



**अंबरनाथ :** अंबरनाथ पूर्व के पालेगांव में महिला की नृशंस हत्या के मामले में आठ दिनों से फरार चल रहे आरोपी पति को आखिरकार पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। शिवाजी नगर पुलिस क्षेत्र में हुए इस जघन्य हत्याकांड से अंबरनाथ में सनसनी मच गई थी। आरोपी को पकड़ने के लिए अंबरनाथ पुलिस की एक टीम वाराणसी गई थी जहां से आरोपी को हिरासत में लिया गया।

आरोपी विक्की बबन लोंढे अपनी पत्नी रूपाली लोंढे की बेरहमी से हत्या करने के बाद कई दिनों से फरार चल रहा था। गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से पुलिस बताया कि यह घटना 8 अक्टूबर की शाम को अंबरनाथ पूर्व के पालेगांव में पार्श्वहिल सोसायटी में हुई थी।

पुलिस के मुताबिक आरोपी विक्की लोंढे का उसकी पत्न ी रुपाली से कई दिनों से बेटी की कस्टडी को लेकर विवाद चल रहा था। वारदात वाले दिन भी इस मुद्दे को लेकर दोनों में बहस शुरू हो गई। इस दौरान बहस इतनी बढ़ गई कि तैश में आकर विक्की ने अपनी पत्नी का गला घोंटकर उसे जमीन पर गिरा दिया और फिर उसका गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही शिवाजी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी विक्की लोंढे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी।

## नासिक सिविल अस्पताल में बच्चों की अदला-बदली, गुस्साए परिवार ने किया हंगामा




**नासिकः** नासिक जिला अस्पताल में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां दो नवजात शिशुओं की अदला-बदली हो गई। इस घटना के बाद परिवार ने अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। महिला को बताया गया था कि उसने एक लड़के को जन्म दिया है, लेकिन जब उसे डिस्चार्ज किया गया तो उसके हाथ में एक लड़की थी। इससे महिला और उसके परिवार को बड़ा झटका लगा। परिवार ने लड़की को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया।

इस घटना ने अस्पताल में अफरा-तफरी मचा दी। यह घटना अस्पताल की लापरवाही और गंभीरता की कमी को दशार्ती है, जिसके लिए तत्काल जांच और कार्रवाई की आवश्यकता है। नासिक के जिला सरकारी अस्पताल में रविवार की रात प्रीती पवार नामक महिला प्रसूति के लिए भर्ती हुई थी। उस समय अस्पताल ने बताया कि उसने एक लड़के को जन्म दिया है। यह सुनकर परिवार ने खुशी मनाई और अस्पताल ने अपने रजिस्टर में लड़के के जन्म की दर्ज भी की। इसके बाद मंगलवार की रात जब प्रीती पवार को डिस्चार्ज किया गया, तो उसे एक लड़की दी गई। इससे परिवार को बड़ा झटका लगा क्योंकि उन्हें पहले लड़के के जन्म की जानकारी दी गई थी।

लेकिन जब महिला को डिस्चार्ज किया गया, तो उन्हें एक लड़की दी गई। जब परिवार को पता चला कि उन्हें लड़के की जगह लड़की दी गई है, तो उन्हें बड़ा झटका लगा। परिवार ने अस्पताल प्रशासन पर अपना गुस्सा व्यक्त किया और अस्पताल में हंगामा किया। इस घटना से जिला अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई।

# संभाजीनगर में 13 साल की छात्रा से टीचर ने किया रेप, मामला दर्ज



**संभाजीनगर :** संभाजीनगर से चौंकाने वाली जानकारी सामने आई, जहां राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुनी गई 13 साल की लड़की के साथ एक शिक्षक ने दुष्कर्म किया। इस संबंध में पैठण शहर के वेदांतनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। इस घटना से अभिभावकों में गुस्से की लहर है। साथ ही आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग ने जोर पकड़ लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी का नाम शिवाजी जगन्नाथ गोर्डे है और वह खो-खो की ट्रेनिंग लेता है। इसलिए, पीड़िता का चयन राष्ट्रीय स्तर के खो-खो खेल के लिए हो गया है और वह आरोपी से प्रशिक्षण लेती है। आरोपी ने पीड़ित को यह कहकर रेलवे स्टेशन बुलाया कि वह ट्रेनिंग के लिए मुंबई जाना चाहता है। फिर वह उसे पास के एक होटल में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी यहीं नहीं रुका, वह उस स्कूल में गया जहां पीड़िता पढ़ रही थी और उसे अपने साथ आने के लिए कहा। हालांकि, पीड़िता ने इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर आरोपी ने पूरे गांव में बदनाम करने की धमकी दी। आरोपी की आए दिन की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने पूरी घटना अपनी मां को बताई। इसके बाद पीड़िता की मां ने वेदांतनगर थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी।

# महाराष्ट्र सरकार पर आचार संहिता का उल्लंघन... दोषी पाए जाने पर कार्रवाई

मुंबई : निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा की। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू हो गई है। लेकिन अब महाराष्ट्र सरकार पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगा है। बाकायदा चुनाव आयोग इसकी जांच कर रहा है और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की बात कही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, चुनाव आयोग ने मंगलवार दोपहर में चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की।




आरोप है कि उसके बाद भी राज्य सरकार ने कई फैसले लिए और आचार संहिता लागू होने के बाद भी शासनादेश (जीआर) जारी किया। हालांकि मामला सामने आने पर राज्य सरकार ने आनन-फानन में कुछ जीआर वेबसाइट से हटा दिया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य सरकार ने मंगलवार को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जारी किए गए कम से कम 112 जीआर को वापस ले लिया है। वहीं, महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम के एक टेंडर को भी ड्राप करना पड़ा है। बुधवार शाम को महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद शिंदे सरकार ने यह कदम उठाया है। महाराष्ट्र सरकार ने 15 अक्टूबर को कम से कम 359 जीआर जारी किए। जबकि उसी दिन दोपहर 3.30 बजे विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई। इसके अलावा, मॉडल कोड लागू होने के अगले दिन यानी 16 अक्टूबर को लगभग 23 जीआर जारी किए गए थे। लेकिन चुनाव आयोग के दखल के बाद बुधवार शाम तक राज्य सरकार की वेबसाइट पर 15 अक्टूबर के दिन केवल 247 जीआर और 16 अक्टूबर के दिन केवल 2 जीआर दिख रहे है। बाकि वेबसाइट से हटा दिए गए।

दरअसल मीडिया ने मुख्य निर्वाचन कार्यालय से टेंडर और जीआर जारी करने के संबंध में संभावित नियमों के उल्लंघन के बारे में पूछा था। जिसके बाद अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी किरण कुलकर्णी ने कहा, ''आचार संहिता लागू होने पर दोपहर 3.30 बजे के बाद जारी किए गए टेंडर और जीआर के संबंध में हम सरकार से बात करेंगे।'' इसके बाद ही राज्य सरकार ने कई जीआर वापस ले लिया। कुलकर्णी ने कहा कि सरकार को केवल उन जीआर को जारी करने की अनुमति है जो सीधे मतदाताओं को प्रभावित नहीं करती हैं। राज्य ने एमसीसी लागू होने के दिन दोपहर 3.30 बजे के बाद जारी

# फ्रैंकफर्ट से मुंबई आने वाली विस्तारा की फ्लाइट में बम की धमकी... इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई:** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आने वाली विस्तारा की एक फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस फ्लाइट में 147 लोग सवार थे। एक सूत्र ने बताया कि बोइंग 787 विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच के लिए तुरंत आइसोलेशन बे में ले जाया गया। फ्लाइट सुबह 7.45 बजे सुरक्षित तरीके से उतरी। सूत्रों के मुताबिक, विमान में 134 यात्री और 13 क्रू मेंबर सवार थे। एक सूत्र ने बताया, ''मंगलवार को रात 8.20 बजे (स्थानीय समय) फ्रैंकफर्ट से मुंबई के




लिए रवाना हुई विस्तारा की फ्रैंकफर्ट फ्लाइट ने बुधवार सुबह करीब 7.45 बजे यहां इमरजेंसी लैंडिंग की।'' विस्तारा ने एक बयान में कहा कि उसकी फ्रैंकफर्ट-मुंबई फ्लाइट को सुरक्षा अलर्ट मिला था, लेकिन वह सुरक्षित तरीके से यहां उतर गई। एयरलाइन ने कहा, ''16 अक्टूबर, 2024 को फ्रैंकफर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली विस्तारा की फ्लाइट यूके 028 को सोशल मीडिया पर सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी।'' प्रोटोकॉल के अनुसार, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित कर दिया गया, उन्होंने कहा कि विमान सुरक्षित रूप से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, मुंबई पर उतरा। विस्तारा ने बयान में कहा, ''इसे आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहाँ सभी ग्राहकों को उतारा गया।

# गैंगस्टर अबू सलेम ने जेल से रिहा होने की सही तारीख जानने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया



**मुंबई:** गैंगस्टर अबू सलेम ने जेल की सजा पूरी होने के बाद जेल से रिहा होने की सही तारीख जानने के लिए विशेष टाडा अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अपने आवेदन में गैंगस्टर ने दावा किया है कि 20 जुलाई को उसने नासिक जेल के अधीक्षक को पत्र लिखकर जेल में बचे दिनों की जानकारी मांगी थी। उसने जेल में बिताए गए कुल समय, जिसमें विचाराधीन अवधि, साथ ही सजा की अवधि और छूट शामिल है, को ध्यान में रखते हुए रिहाई की तारीख की जानकारी मांगी है। उसने दावा किया कि अधिकारियों ने उसकी दलीलों का जवाब नहीं दिया।

सलेम ने दावा किया है कि उसने जेल में 23 साल और सात महीने से अधिक समय पूरा कर लिया है। उसने अदालत से अनुरोध किया है कि वह जेल अधिकारियों को निर्देश दे कि वह उसे नासिक सेंट्रल जेल से रिहा होने की तारीख बताए, या उसे बताए कि उसे जेल में कितने दिन और बिताने हैं। अदालत ने अब सीबीआई और जेल अधिकारियों से उसकी याचिका पर जवाब देने को कहा है। अपनी रिहाई की तारीख जानने के लिए सलेम का यह दूसरा प्रयास है। सलेम को 1993 के बम विस्फोटों में संलिप्तता और 1995 में मुंबई स्थित बिल्डर प्रदीप जैन की हत्या के आरोप में नवंबर 2005 में भारत प्रत्यर्पित किया गया था।

# एसबीएसबीएल के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 85 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त!

**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय ने शिवाजीराव भोसले सहकारी बैंक लिमिटेड (एसबीएसबीएल) के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलदास विट्ठलराव बंदल, हनुमंत संभाजी खेमधरे, सतीश उर्फ यतीश जादव की पुणे, सोलापुर और अहमदनगर में 85 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। जांच में पता चला है कि बंदल ने एसबीएसबीएल के चेयरमैन अनिल भोसले के साथ अपने प्रभाव और करीबी संबंधों का फायदा उठाकर स्थानीय व्यापारियों और किसानों के नाम पर एसबीएसबीएल से ऋण लिया। उन्होंने कथित तौर पर किसानों की जमीन को गिरवी रखी संपत्ति के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई, जैसा कि फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में बताया गया है। तत्कालीन ऋण अधीक्षक खेमधरे ने कथित तौर पर 2007 से 2013 तक फर्जी ऋण मंजूर किए।

# लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मालेगांव के पास गुरुवार को रेल हादसा हुआ है. अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं. हादसे में अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है. रिपोर्ट के मुताबिक, 12520 अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गुरुवार सुबह ही अगरतला से रवाना हुई थी. दोपहर करीब 3:55 बजे यह लुमडिंग-बर्डरपुर हिल सेक्शन के डिबालोंग स्टेशन पर पटरी से उतर गई. ट्रेन के पावर कार और इंजन समेत 8 डिब्बे बेपटरी हुए हैं.

हादसे की सूचना मिलते ही दुर्घटना राहत ट्रेन और दुर्घटना राहत मेडिकल ट्रेन बचाव और बहाली कार्यों की निगरानी के लिए मौके पर पहुंच चुकी है. मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल के लिए पहले ही रवाना हो चुके हैं. इस बीच लुमडिंग-बदरपुर सिंगल लाइन सेक्शन पर ट्रेनों का ऑपरेशन अगले आदेश तक निलंबित कर दिया गया है. रेलवे ने एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है.

# पुलिस अधिकारी बनकर ई-सिगरेट के लिए एक महिला से पैसे ऐंठने की कोशिश

**मुंबई:** मुंबई के उपनगरीय इलाके से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां पुलिस अधिकारी बनकर एक व्यक्ति ने ई-सिगरेट (वेप) के लिए एक महिला से पैसे ऐंठने की कोशिश की। सादे कपड़ों में आए इस व्यक्ति ने कथित तौर पर महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा और उसे ऑटो-रिक्शा में ले जाते समय उससे 50,000 रुपये की मांग की। हालांकि, महिला ने चालाकी से रास्ते में उसका वीडियो बना लिया, जिससे उसे तुरंत अपने किए पर पछतावा हुआ। यह घटना मुंबई के पवई इलाके के पास हुई, हालांकि, वीडियो कब शूट किया गया, इसकी सही जानकारी नहीं है। महिला ई-सिगरेट (वेप) लेकर जा रही थी, तभी खुद को पुलिस अधिकारी बता रहे व्यक्ति ने उसे जबरन हिरासत में ले लिया। उसने 50,000 रुपये की मांग की और पैसे न देने पर उसे पवई पुलिस



स्टेशन ले जाने की धमकी दी। हालांकि, महिला को तुरंत ही कुछ गड़बड़ का अहसास हो गया और उसने अपने फोन पर रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया। जैसे ही व्यक्ति ने अपनी मांगें रखनी शुरू की, महिला ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया।

वीडियो में महिला को यह कहते हुए सुना जा सकता है, "मैं इस समय MIDC (महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम) रोड पर हूँ और यह आदमी मेरा पीछा करता हुआ मेरे ऑटो-रिक्शा में बैठ गया।" वह आगे कहती है, "वह मुझे जबरन पवई चौकी ले जाने की कोशिश कर रहा है।" महिला ने आगे कहा, "आप मुझे बिना महिला पुलिस अधिकारी के कहीं भी नहीं ले जा सकते।" यह महसूस करते हुए कि वह पकड़ा गया है, पुलिस अधिकारी के रूप में प्रस्तुत व्यक्ति जल्दी से ऑटो-रिक्शा से बाहर निकलता है और घटनास्थल से भाग जाता है। @Mard_Maratha_0 हैंडल वाले (पूर्व में ट्विटर) पर एक उपयोगकर्ता ने एक लंबी पोस्ट में घटना का विस्तृत विवरण साझा किया।

# ठाणे में नाबालिग लड़की से बलात्कार, तीन गिरफ्तार, चौथा फरार



**ठाणे :** ठाणे में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और एक अन्य की तलाश जारी है। 6 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे एक नाबालिग लड़की और उसके चचेरे भाई को मजीवाड़ा और साकेत के बीच पानी की पाइपलाइन से गुजरते समय चार लोगों ने रोक लिया। आरोपियों ने चाकू दिखाकर दोनों के मोबाइल छीन लिए, जबकि एक ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

आरोपियों ने दोनों को यह भी चेतावनी दी है कि अगर वे इस अपराध के बारे में बात करेंगे तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मंगलवार को जब नाबालिग लड़की ने कपूरबावडी पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया, तो पुलिस ने योगेश मल्लिंगे (21), परशुराम लकड़े (28) और ओंकार पाटकर (22) तीनों को गिरफ्तार कर लिया। कपूरबावड़ी पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की से बलात्कार करने वाला चौथा आरोपी अविनाश धोत्रे फरार है। हालांकि, पुलिस ने यह खुलासा नहीं किया कि नाबालिग लड़की ने देर से शिकायत क्यों दर्ज कराई। भारतीय दंड संहिता के तहत बलात्कार, डकैती और धमकी और ढडउरड अधिनियम (ढडउरड अू३) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बारामती : विधानसभा चुनाव में हाई वोल्टेज ड्रामा




**मुंबई:** बारामती वह सीट हैं जहां लोकसभा के बाद अब विधानसभा चुनाव में हाई वोल्टेज ड्रामा होने वाला है. यह भी पक्का माना जा रहा है कि बारामती सीट से शरद पवार के भतीजे अजित पवार चुनाव लड़ने वाले हैं. बरामती पवार परिवार का गढ़ है. एस समय यहां की लोकसभा सीट शरद पवार के पास और विधानसभा सीट अजित पवार के पास हुआ करती थी. बाद में शरद पवार ने बारमती की विरासत बेटी सुप्रिया सुले को सौंप दी.

लोकसभा चुनाव में एनडीए महाराष्ट्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, जिस वजह से अजित पवार पहले से टेंशन में है. अब भतीजे को एक बार फिर मात देने के लिए शरद पवार ने बड़ा प्लान तैयार किया है. बताया जा रहा है कि अजित पवार के खिलाफ उनके सगे भतीजे योगेंद्र यादव को टिकट देने का प्लान है.

# 'क्रिप्टोकरेंसी' में निवेश पर 16.48 लाख रुपये की धोखाधड़ी



**ठाणे,** ठाणे पुलिस ने 'क्रिप्टोकरेंसी' में निवेश पर अधिक लाभ के साथ धन वापसी का वादा करके 71 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दोस्त से 16.48 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आरोपियों ने खुद को 'क्रिप्टोकरेंसी' का कारोबार करने वाली एक कंपनी का प्रतिनिधि बताया, जिसका कार्यालय महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा और डोंबिवली इलाकों में है। मुंब्रा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि पिछले साल मार्च में आरोपियों ने मुंबई के चेंबूर निवासी बुजुर्ग व्यक्ति और उसके दोस्त को 'क्रिप्टोकरेंसी' में निवेश करने का लालच दिया और समय-समय पर उनसे कुल 16,48,405 रुपये ले लिए। बाद में पीड़ितों को न तो लाभ अर्जित कर धन की वापसी हुई और न ही उन्हें मूल निवेशित राशि मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है और ये सभी आरोपी ठाणे के दिवा और डोंबिवली तथा उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

# नवी मुंबई पुलिस ने सुक्खा नामक शूटर को गिरफ्तार

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई की पनवेल सिटी पुलिस ने हरियाणा के पानीपत से सुक्खा नामक शूटर को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वह उन आरोपियों में शामिल है, जिन्होंने नवी मुंबई के पनवेल में सलमान खान के फार्महाउस की रेकी की थी और सलमान खान के फार्महाउस पर हमला करने की साजिश का मुख्य आरोपी था। सुक्खा को नवी मुंबई लाया जा रहा है। पुलिस ने नवी मुंबई में पनवेल के पास सलमान खान के फार्महाउस पर हमला करने की साजिश का पदार्फाश किया, जब वे बांद्रा में अभिनेता के घर के बाहर गोलीबारी की घटना की जांच कर रहे थे। 1 जून को नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया था, क्योंकि उन्होंने पनवेल में अभिनेता सलमान खान की कार पर हमला करने की योजना बनाई थी। पुलिस के अनुसार, इस हमले के लिए पाकिस्तानी हथियार सप्लायर से हथियार मंगवाने की योजना थी।

# मुंबई कस्टम्स ने 1.25 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी करने की कोशिश में दो लोगों को गिरफ्तार किया

**मुंबई :** अधिकारियों के अनुसार, मुंबई कस्टम्स ने 1.25 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी करने की कोशिश करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया।

मुंबई कस्टम्स ने 02 मामलों में 1.725 किलोग्राम सोने का शुद्ध वजन जब्त किया, जिसकी कीमत 1.25 करोड़ रुपये है। उक्त सामान यात्रियों के शरीर के अंदर छिपा हुआ पाया गया और साथ ही एयरपोर्ट स्टाफ से भी बरामद किया गया," मुंबई कस्टम्स के एक बयान में कहा गया।

कस्टम अधिकारियों के अनुसार, एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने दुबई से मुंबई आने



वाले और बैंकॉक जाने वाले एक यात्री का पीछा किया। बयान में कहा गया है, "15 अक्टूबर की रात को मुंबई एयरपोर्ट पर एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन में, एयर इंटेलिजेंस यूनिट के अधिकारियों ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर दुबई से आने वाले और बैंकॉक जाने वाले एक ट्रांजिट यात्री का पीछा किया। यात्री को एयरपोर्ट के एक कर्मचारी के साथ वॉशरूम में घुसते देखा गया, जिससे संदेह पैदा हुआ।" अधिकारियों ने मोम के रूप में 24 कैरेट सोने की धूल के तीन टुकड़े जब्त किए, जिनका वजन लगभग 1.725 किलोग्राम था, जिसकी अस्थायी कीमत 1.25 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने कहा कि टुकड़ों को यात्री के शरीर की गुहा और अंडरगारमेंट्स में छिपाया गया था। सीमा शुल्क अधिकारियों ने कहा कि यात्री ने पूछताछ के बाद दावा किया था कि पैकेट उसे किसी अन्य यात्री ने दिए थे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com